-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 03.06.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु लगाये गये पुलिस बल को पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा ब्रीफ कर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतगणना कराये जाने हेतु मा0 निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों से कराया गया अवगत।**

विवरण – कल दिनांक 04.06.2024 को होने वाली लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु लगाये गये पुलिस बल को आज दिनांक 03.06.2024 को पुलिस लाइन ब्रीफिंग हॉल में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। ब्रीफिंग के दौरान मेन गेट, बैरियर, पॉर्किंग स्थल, मतगणना स्थल तथा ट्रैफिक डायवर्जन में लगाये पुलिस बल को ड्यूटी के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सतर्कतापूर्वक अपनी ड्यूटी करें। लगाये गये पुलिस बल को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतगणना कराए जाने हेतु मा0 निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से भी अवगत कराया गया। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा निर्देशित किया गया सभी एतिहात के साथ अपनी ड्यूटी करें। मतगणना में लगाये गये पुलिस बल के लिए पुलिस अधीक्षक बांदा की ओर से नियमित रुप से स्वच्छ पेयजल, शर्बत, चाय, नाश्ता तथा भोजन की व्यवस्था कराई गई है। पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड किट भी वितरित किया गया है। ब्रीफिंग के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री लक्ष्मी निवास मिश्र द्वारा भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।